## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (प्रथम सत्र) 2026-27
## कक्षा - आठवीं
## विषय - हिंदी (Higher)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**<u>सामान्य निर्देश -</u>**

- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - खंड 'क','ख','ग' और 'घ'|
- सभी खंड अनिवार्य हैं|
- खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित दो प्रश्न पूछे गए हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए|
- खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित सात प्रश्न पूछे गए हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए|
- खंड 'ग' में पाठ्य-पुस्तक पर आधारित चार प्रश्न पूछे गए हैं| प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए|
- खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन पर आधारित चार प्रश्न पूछे गए हैं| प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं|
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए|
- उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्नपत्र में दी गई है|

### खंड- 'क' (अपठित बोध)

**1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

किसी भी राष्ट्र के समग्र विकास और निर्माण में उसकी आधी आबादी अर्थात् नारी की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। भारतीय शास्त्रों में जहाँ 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' कहकर नारी के सम्मान को सर्वोपरि माना गया है, वहीं ऐतिहासिक रूप से उत्तर-वैदिक और मध्यकाल में उनकी स्थिति में गिरावट भी देखी गई। हालांकि, आधुनिक युग और स्वाधीनता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली जैसी वीरांगनाओं ने इस रूढ़िवादिता को तोड़ा। स्वतंत्रता के बाद विजयलक्ष्मी पंडित (संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष), सुचेता कृपलानी (प्रथम मुख्यमंत्री) और इंदिरा गांधी जैसी दूरदर्शी नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व की नई मिसाल पेश की। आज चिकित्सा,

इंजीनियरिंग, सिविल सेवा, खेल और अंतरिक्ष जैसे हर क्षेत्र में महिलाएँ पुरुषों से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान घर और परिवार को संभालने के रूप में है, क्योंकि एक शिक्षित स्त्री ही पूरे परिवार को शिक्षित बना सकती है। साथ ही वे समाज में शिक्षा, संस्कार और प्रगति की मज़बूत नींव रखती हैं। इसके बावजूद, पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक योगदान को आज भी उचित मूल्यांकन नहीं मिल पाता है। समाज में केवल कानूनी सुधार ही काफी नहीं हैं, बल्कि लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना और लैंगिक अनुपात को संतुलित करना बेहद ज़रूरी है। अंततः, महिलाओं को स्वयं भी अपनी इच्छाशक्ति और आत्मबल को मज़बूत करना होगा ताकि वे अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग कर सकें और विकास के चरम शिखर को छू सकें।

(i) भारतीय शास्त्रों में नारी के सम्मान को किस प्रकार व्यक्त किया गया है? (1)

(A) नारी को कमज़ोर माना गया है ।

(B) नारी को समाज का बोझ कहा गया है।

(C) नारी को केवल घर तक सीमित रखा गया है।

(D) 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' कहकर सम्मान दिया गया है।

(ii) नारी की स्थिति सुधारने के लिए सबसे आवश्यक क्या है? (1)

(A) केवल नए कानून बनाना

(B) लोगों की मानसिकता में परिवर्तन

(C) आरक्षण देना

(D) लैंगिक अनुपात को असंतुलित करना

**(iii) नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** (1)

**कथन (A)**: भारत में महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों का उचित मूल्यांकन नहीं हुआ है।

**कारण (R):** पितृसत्तात्मक समाज में स्त्री को केवल घर-गृहस्थी तक सीमित माना गया।

(A) कथन (A)और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण(R), कथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(B) कथन(A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण(R), कथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) कथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) कथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

(iv)आधुनिक युग में महिलाओं ने किन-किन क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है?(2)

(v) शिक्षित नारी राष्ट्र निर्माण में कैसे सहायक है? (2)

**2.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

भोजन की बर्बादी आज विश्व की एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसका अर्थ है ऐसे खाद्य पदार्थों को फेंक देना जिन्हें उपयोग में लाया जा सकता था। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, हर वर्ष दुनिया भर में बड़ी मात्रा में भोजन नष्ट हो जाता है। यह स्थिति अत्यंत दुखद है क्योंकि दुनिया में करोड़ों लोग भूख और कुपोषण से पीड़ित हैं। यदि बर्बाद होने वाले भोजन का सही उपयोग किया जाए, तो अनेक जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सकती है।भोजन की बर्बादी केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि इसका पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। भोजन के उत्पादन में जल, ऊर्जा और श्रम का उपयोग होता है। जब भोजन व्यर्थ फेंका जाता है, तब ये सभी संसाधन भी नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त, खाद्य अपशिष्ट से निकलने वाली गैसें ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देती हैं। इसलिए भोजन की बर्बादी को रोकना अत्यंत आवश्यक है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर कार्य करना चाहिए। खाद्य पदार्थों के उचित भंडारण और वितरण की व्यवस्था को मजबूत बनाना जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही भोजन खरीदना और बनाना चाहिए। बचा हुआ भोजन ज़रूरतमंद लोगों को दिया जा सकता है तथा खाद्य पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना चाहिए। यदि हम जागरूक होकर भोजन का सही उपयोग करें, तो न केवल भूख की समस्या कम होगी, बल्कि पर्यावरण

की सुरक्षा भी संभव हो सकेगी। इस प्रकार भोजन की बचत मानवता और प्रकृति दोनों के लिए लाभदायक है।

(i) भोजन की बर्बादी का क्या अर्थ है? (1)

(A) भोजन का संग्रह करना

(B) भोजन को बिना खाए फेंक देना

(C) भोजन का उत्पादन बढ़ाना

(D) भोजन का निर्यात करना

(ii) खाद्य पुनर्चक्रण किससे संबंधित है? (1)

(A) भोजन सजाने से

(B) भोजन निर्यात से

(C) भोजन के पुनः उपयोग से

(D) भोजन पकाने से

**(iii) नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** (1)

**कथन (A):** प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही भोजन खरीदना चाहिए।

**कारण (R):** इससे भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है।

(A) कथन (A)और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण(R),कथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(B) कथन(A)और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण(R),कथन(A)का सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं।

(D) कथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

(iv) भोजन की बर्बादी रोकने के लिए व्यक्ति क्या-क्या उपाय कर सकता है? (2)

(v) संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भोजन की बर्बादी की स्थिति क्यों चिंताजनक है? (2)

## खंड- 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक का चिह्न उचित स्थान पर लगाइए-(1)

(i) मज़िल (ii) आगन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए- (1)

(i) आशीवाद (ii) भष्ट

(ग) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - (1)

जो अपने पैरों पर खड़ा हो -

4. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-**

(क)(i) 'विगत' शब्द का विलोम शब्द लिखिए| (1)

(ii) आजकल भारत गेहूँ का <u>आयात</u> नहीं --------कर रहा है| रेखांकित शब्द के विलोम शब्द द्वारा वाक्य पूरा कीजिए| (1)

(ख) 'अरमान' और 'उपहार' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| (2)

**5. निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त स्थान पर उचित विराम-चिह्न लगाइए -** (2)

(क) माँ ने क्रोधित होकर पूछा इतनी रात गए कहाँ जा रहे हो

(ख) कचरा इधर उधर मत फेंको

**6.** (क) दिए गए वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को छाँटकर, उसके प्रयोग द्वारा नए वाक्य का निर्माण कीजिए- (1)

जन्मदिन के अवसर पर मिले उपहार में नई गाड़ी देखकर रोहन के मन में लड्डू फूटने लगे।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित मुहावरे के प्रयोग द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- (1)

ताजमहल की सुंदरता को देखकर पर्यटक ....................।

**7.** रिक्त स्थान की पूर्ति करते हुए परिभाषा को पूर्ण कीजिए- (1)

(क) जहाँ शब्द तो एक ही बार प्रयुक्त किया जाए पर उसके एक से अधिक अर्थ हों, वहाँ _____________ अलंकार होता है।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइए- (2)

(i) कालिंदी कूल कदंब की डारन।

(ii) नील गगन -सा हृदय शांत हो रहा।

**8.** (क) 'दुर्बल' में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द बताइए| (1)

(ख) 'निर्' उपसर्ग का प्रयोग कर नवीन शब्द बनाइए| (1)

(ग) 'स्वर्ग' शब्द में उचित प्रत्यय का प्रयोग करते हुए नया शब्द बनाइए| (1)

**9.**(क) निम्नलिखित शब्द की संधि कीजिए- (1)

अनु + एषणा

(ख) 'महोत्सव' और 'सदैव' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए| (2)

## खंड- 'ग' (पाठ्य-पुस्तक)

**10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x5=5)**

चरित्र-निर्माण में माता-पिता, गुरुजन, संगति एवं वातावरण के प्रभाव को भी नकारा नहीं जा सकता। सुदृढ़ चरित्र के अभाव में व्यक्ति मौजूदा समाज में व्याप्त हिंसा, द्वेष, घृणा, भ्रष्टाचार, कलह, धोखाधड़ी, दुराचार आदि असामाजिक प्रवृत्तियों का शिकार हो जाता है और समाज में भी सम्मानित स्थान प्राप्त नहीं कर पाता। बातचीत में अधरों पर छाई निश्छल स्वाभाविक मधुर मुस्कान किस को आकृष्ट नहीं करती ? बातचीत में मुस्कुराहट यदि एक ओर प्रसन्नता, सद्भावना और मैत्री बढ़ाती है तो दूसरी ओर परेशान, उद्विग्न और उदास लोगों के लिए राहत और भग्नाश जनों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होती है। पुष्प की गंध की तरह मुस्कुराहट सबको सुवासित कर देती है। सरल हृदय से ही स्वाभाविक मुस्कुराहट प्रस्फुटित होती है जो मनुष्य के हृदय की निर्मलता और प्रेम का प्रतीक होती है। कपट, स्वार्थ, गुरुता और हीनता की भावना से ग्रस्त कुटिलतापूर्ण मुस्कुराहट बनावटी होती है जो बातचीत की रोचकता को समाप्त कर देती है। मुस्कुराहट का अक्षय कोष लुटाने वाले गरीब नहीं होते। उनके तो दोनों हाथों में लड्डू होते हैं-जाता कुछ नहीं, मिलता बहुत कुछ है।

(i) 'सुदृढ़ चरित्र' के अभाव में व्यक्ति का समाज में सम्मानित स्थान न प्राप्त कर पाने का मूल कारण क्या बताया गया है?

(A) आर्थिक दुर्बलता और अशिक्षा

(B) असामाजिक प्रवृत्तियों के प्रभाव में आ जाना

(C) पारिवारिक सहयोग का अभाव

(D) अत्यधिक महत्वाकांक्षा और प्रतिस्पर्धा

(ii) लेखक के अनुसार स्वाभाविक मुस्कुराहट का वास्तविक आधार क्या है?

(A) सामाजिक औपचारिकता और व्यवहार-कुशलता

(B) बाहरी आकर्षण और व्यक्तित्व प्रदर्शन

(C) सरल हृदय की निर्मलता एवं प्रेमभाव

(D) सफलता और आत्मविश्वास की अनुभूति

(iii) 'पुष्प की गंध की तरह मुस्कुराहट सबको सुवासित कर देती है' - इस कथन का आशय क्या है?

(A) मुस्कुराहट वातावरण में आनंद और आत्मीयता फैलाती है।

(B) मुस्कुराहट व्यक्ति की सुंदरता बढ़ाती है।

(C) मुस्कुराहट केवल परिचित लोगों को प्रभावित करती है।

(D) मुस्कुराहट सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने का साधन है।

(iv) कुटिलतापूर्ण मुस्कुराहट कैसी होती है?

(A) स्वाभाविक (B) प्रेरणादायक

(C) बनावटी (D) आकर्षक

(v) "मुस्कुराहट का अक्षय कोष लुटाने वाले गरीब नहीं होते" - इसका क्या आशय है?

(A) मुस्कुराने वाले धनवान होते हैं।

(B) मुस्कुराहट से कुछ नहीं मिलता।

(C) मुस्कुराहट केवल औपचारिकता है।

(D) मुस्कुराहट बाँटने से प्रेम और सम्मान प्राप्त होता है।

**11. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)**

हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक-कटोरी की मैदा से,
स्वर्ण-श्रृंखला के बंधन में

अपनी गति, उड़ान सब भूले,

बस सपनों में देख रहे हैं

तरु की फुनगी पर के झूले।

(i) 'हम बहता जल पीनेवाले' पंक्ति के माध्यम से कवि किस जीवन-मूल्य की ओर संकेत करता है?

(A) विलासितापूर्ण जीवन की आवश्यकता

(B) स्वच्छंदता एवं प्राकृतिक जीवन के प्रति अनुराग

(C) सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने की आकांक्षा

(D) भौतिक साधनों के संचय की प्रवृत्ति

(ii) 'कटुक निबौरी' को 'कनक-कटोरी की मैदा' से श्रेष्ठ बताने का आशय क्या है?

(A) साधारण जीवन कृत्रिम वैभव से अधिक संतोषदायक होता है।

(B) निर्धनता मनुष्य को महान बनाती है।

(C) स्वादहीन भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

(D) स्वर्ण-पात्र में परोसा भोजन अनुपयोगी होता है ।

(iii) 'स्वर्ण-श्रृंखला के बंधन' प्रतीक के माध्यम से कवि किस स्थिति का चित्रण करता है?

(A) आर्थिक उन्नति और वैभवपूर्ण जीवन

(B) सामाजिक मर्यादाओं का पालन

(C) बाह्य आकर्षण के कारण उत्पन्न पराधीनता

(D) पारिवारिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन

(iv) 'अपनी गति, उड़ान सब भूले' पंक्ति का भावार्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) मनुष्य अपनी क्षमताओं को पहचानने लगता है।

(B) बंधनों के कारण स्वतंत्रता और स्वाभाविकता नष्ट हो जाती है।

(C) व्यक्ति कल्पनाशील एवं संवेदनशील बन जाता है।

(D) सफलता प्राप्त करने हेतु त्याग आवश्यक होता है ।

(v) अंतिम पंक्ति 'बस सपनों में देख रहे हैं, तरु की फुनगी पर के झूले' से कवि की कौन-सी मनःस्थिति व्यक्त होती है?

(A) प्रकृति के प्रति उदासीनता

(B) ऐश्वर्यपूर्ण जीवन के प्रति आकर्षण

(C) खोई हुई स्वतंत्रता एवं प्राकृतिक आनंद के प्रति लालसा

(D) भविष्य के प्रति निराशा और भय

**12.निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं पाँच प्रश्नों</u> के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए-**

**(2x5=10)**

(i) शाह ने दारा को उत्तरी ईरान के एक प्रांत का गवर्नर नियुक्त करने का निर्णय क्यों लिया होगा?

(ii) लेखक अपने पड़ोसियों से जिस प्रकार की व्यावहारिकता निभाते हैं ,वह कहाँ तक संगत है? आपके अनुसार एक अच्छे पडोसी में किस प्रकार के गुण होने चाहिए?

(iii) गाँधी जी ने सिला हुआ कपड़ा पहनना क्यों छोड़ दिया था?

(iv) श्रीराम राजू का आत्मसमर्पण कोया आदिवासियों के लिए कहाँ तक सार्थक सिद्ध हो सका?

(v) लेखक ने व्यक्ति और देश के पड़ोसियों की तुलना क्यों की है?

(vi) अंग्रेज़ों ने कोया आदिवासियों को हराने के लिए क्या तरकीब अपनायी थी? इससे आदिवासी किस प्रकार प्रभावित हुए?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों के</u> उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए -**

**(2×3=6)**

(i) कवि ने गर्मी की दोपहरी का जो भीषण चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में वर्णित कीजिए|

(ii) कवि ने अमृत की धार के समान किसे बताया है और क्यों?

(iii) स्वाति नक्षत्र की बूँद केला, सीप तथा सर्प के मुख में गिरकर क्या- क्या रूप धारण करती है?

(iv) गर्मी की दोपहरी मनुष्य के जीवन के संघर्षों और चुनौतियों को दर्शाती है| मनुष्य को इन चुनौतियों का सामना किस प्रकार से करना चाहिए?

## खंड- 'घ' (रचनात्मक लेखन)

**14. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (5)**

**(i) योग: स्वस्थ जीवन का आधार**

- उत्पति
- महत्त्व
- स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

**(ii) साइबर युग: सावधानियाँ एवं सुरक्षा के उपाय**

- बढ़ते ऑनलाइन कार्य
- साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएँ
- सावधानियाँ और बचाव के उपाय

**(iii) ई- वेस्ट: एक विकट समस्या**

- मानव की बढ़ती लालसा
- संसाधनों के अवशिष्ट के निष्कासन की समस्या
- मानव और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव

**15.** समय की उपयोगिता व सुनियोजित रणनीति लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रभावी सिद्ध होती है| इस संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए|

**अथवा**

आप श्रेयस/ श्रेयसी हैं| आप सांस्कृतिक सचिव हैं| अपने विद्यालय में 'अनेकता में एकता' शीर्षक के अंतर्गत प्रादेशिक गीत प्रतियोगिता का आयोजन करना चाहती हैं| इस आयोजन की अनुमति प्राप्ति हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए| (5)

**16.** सड़क के नियमों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है| इस संकल्पना को दृष्टि में रखते हुए दो नागरिकों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए|

**अथवा**

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण से बचने के उपायों पर चर्चा करते हुए दो छात्रों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए| (5)

17. आपके विद्यालय के 'कला संगम क्लब' द्वारा अंतर्विद्यालयी शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है| इस आयोजन की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए|

**अथवा**

आप नितीश/ नीतिका हैं| आप अपने क्षेत्र के लोक कल्याण समिति के महासचिव हैं| आपके क्षेत्र में नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है| इस शिविर से संबद्ध जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए| (5)